### खबर संक्षेप

## तालाब में डूबने से बालक की मृत्यु, नहाते समय हुई दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज, सतना।

कोठी थाना अंतर्गत ग्राम मौहार में तालाब में नहाते समय डूब जाने के कारण 7 वर्षीय बालक की मृत्यु हो गयी। बताया गया है कि बालक नहाते समय पैर फिसल जाने के कारण गहरे पानी में चला गया। डूबने के कारण उसकी मुंह,नाक से पेट और फेफड़े में काफी पानी भर गया,जिससे बालक की मौत हो गयी। हासिल जानकारी के मुताबिक मृतक लोकेश पाल उर्फ भैया पाल का पुत्र शनि पाल के डूबने की खबर मिलते ही आसपास के निवासी व परिवार के लोग उसे तालाब से निकालने के लिये पानी में उतर गये। बालक को तालाब से निकाल तो लिया गया,किन्तु तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस द्वारा शव को मौहार से कोठी लाया गया। मुंशी तीरथ प्रसाद के मुताबिक शव का शासकीय अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

## निजी विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश के लिए 21 तक आवेदन

**कटनी।** निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत बच्चों के निजी स्कूल में निःशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए अपने ग्राम व वार्ड, पड़ोस तथा विस्तारित पड़ोस के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों के संबंध में पोर्टल पर कक्षावार प्रदर्शित स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए समग्र आईडी एवं आधार सत्यापन कर आगामी 21 मई तक ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि सुधार कार्य कर सकते हैं। आवेदन उपरांत निर्धारित तिथि एवं सत्यापन केन्द्र पर मूल दस्तावेजों से सत्यापन कराना अनिवार्य है। इसके बाद पात्र आवेदकों को ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से स्कूल आवंटन होगा। जिला शिक्षा अधिकारी पीपी सिंह ने बताया कि आवेदनों के सत्यापन कार्य की प्रक्रिया 23 मई तक सत्यापन केन्द्र (जन शिक्षा केन्द्र) में संचालित है। सत्यामपन के उपरांत रेण्डम पद्धति से ऑनलाइन लॉटरी द्वारा आवेदकों को आगामी 29 मई तक स्कूल आवंटन किया जाएगा। चयनित आवेदकों को इसकी सूचना एसएमएस से भी मिलेगी। 2 से 10 जून तक आवंटित निजी स्कूल में प्रवेश के लिए उपस्थित होकर मोबाइल एप के माध्यम से एडमीशन की रिर्पोटिंग कराना जरूरी है।

## खाद्यान्न पात्रता पर्चीधारी 15 मई तक करवा सकते हैं ई-केवाईसी

**कटनी।** शासन द्वारा राशन के लिए पात्रता पर्चीधारी हितग्राहियों को ई-केवाईसी कराने के निर्देश दिए गये हैं। ई-केवाईसी हेतु पूर्व में अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई थी। जबकि अब यह तिथि 15 मई तक की बढ़ा दी है। ताकि छूटे हुये सभी हितग्राही ई-केवाईसी करवा लें। शासकीय उचित मूल्य दुकान से पीओएस मशीन में बायोमेट्रिक सत्यापन के आधार पर ही हितग्राहियों को राशन प्राप्त होगा। जिला आपूर्ति अधिकारी ने जानकारी देते हुए जिले के सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वो अपनी-अपनी पंचायत या वार्ड की शासकीय उचित मूल्य की दुकान में पीओएस मशीन के माध्यम से या मेरा ई-केवाईसी एप से परिवार के सभी सदस्यों का ई-केवाईसी 15 मई तक करवाएं।

## सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम

**कटनी।** रीठी पुलिस ने थाना क्षेत्र का भ्रमण का सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया साथ ही नागरिकों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। थाना प्रभारी राखी पांडे ने कहा कि किसी भी अफवाह या गलत खबर पर ध्यान न दें और पुलिस की कार्रवाई पर विश्वास रखें। क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। इसके तहत, संवेदनशील इलाकों में पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है।

## ड्राइवर को नींद लगने के कारण वाहन पेड़ से टकराया, एक की मौत



हरिभूमि न्यूज, सतना।

छत्तीसगढ़ में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर पत्नी और बेटी के साथ वापस लौट रहे बिन्दुनगर निवासी शंकर पाण्डेय पुत्र मोतीलाल पाण्डेय 58 वर्ष की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी।जबकि वाहन चालक और उनकी पत्नी व पुत्री घायल हो गये। घटना रामनगर थाना क्षेत्र मझटोलवा गांव में ओमनी वैन के पेड़ से टकरा जाने के कारण घटित हुई। घटना के संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक शंकर पाण्डेय वैन चालक के साथ आगे बैठे हुये थे। वाहन जब मझटोलवा से गुजर रहा था,अचानक ड्राईवर को झपकी आ गयी,जिसके कारण वैन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गयी। जिसके कारण शंकर पाण्डेय की गंभीर रूप से घायल होने पर घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गयी। जबकि वाहन चालक,मृतक की पत्नी एवं पुत्री को भी दुर्घटना में चोट आई है। घटना की सूचना मिलने पर 100 डॉयल की टीम ने मौके पर पहुंच कर मृतक एवं घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामनगर भिजवाया। रामनगर थाना प्रभारी भी दल-बल सहित मौके पर पहुंच गये थे। बताया गया है कि पंचनामा तैयार कराने के बाद पुलिस ने शव को मर्चुरी में रखवा दिया था। पोस्टमार्टम की लिखा-पढ़ी एवं आगे की कार्यवाह के बाद शव परिजनों की सपोर्ट कर दिया गया पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### बेटा घायल, अस्पताल में भर्ती, 3 संदिग्ध हिरासत में

# बरौधा में बुजुर्ग महिला की कुल्हाड़ी मारकर निर्मम हत्या



हरिभूमि न्यूज, सतना

बरौंधा थाना क्षेत्र में शनिवार-रविवार की आधी रात एक महिला की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी गई। घटना में उसका बेटा भी घायल हो गया,जिसका जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने मामले में 3 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। टीआई अभिनव सिंह ने बताया कि घटना रात करीब 1 बजे ग्राम पंचायत खोही के बकोट गांव में हुई। 64 वर्षीय मिंता वर्मा अपने 22 वर्षीय बेटे लखन वर्मा के साथ खेत किनारे बनी झोपड़ी में सो रही थीं। इसी दौरान कुछ लोगों ने दोनों पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया।

### मां की मौके पर मौत,बेटा घायल

हमले में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। लखन को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतका का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने इस मामले में गांव के ही 3 संदिग्धों को हिरासत में लिया है।

### नशे में थे आरोपी

पूछताछ में सामने आया कि हमले के समय आरोपी शराब के नशे में थे। हालांकि,हत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## संपत्ति कर, किराया व जलकर-संलग्न करों से मिली 1 करोड़ 13 लाख से अधिक राशि



**हरिभूमि न्यूज, सतना।** नगर निगम में आयोजित नेशनल लोक अदालत में कुल 841 प्रकरण निराकृत किये गये। जिसमें संपत्ति कर एवं अन्य संलग्न करों की राशि 93,16,622 रुपये, राजस्व किराया राशि 2,94,267 रुपये एवं जलकर राशि 17,80,790 रुपये कुल राशि 1,13,91,679 रुपये वसूल की गयी। लोक अदालत दिवस पर बकायाकरों का भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को लगभग राशि 9,41,862 रुपये अधिभार छूट का लाभ प्राप्त हुआ।लोक अदालत दिवस में प्रकरणों के निराकरण के लिये डॉ.शेर सिंह मीना आयुक्त,नगरपालिक निगम सतना द्वारा कार्यालय में उपस्थित रहकर करदाताओं से संपर्क कर जानकारी ली गयी और अधिक से अधिक वसूली हेतु प्रकरणों के निराकरण किये जाने हेतु अधिकारी, कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। आयुक्त ने राशि जमा करने वाले करदाताओं का आभार व्यक्त किया है।

## नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

**सतना।** गृह विभाग मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुक्रम में नागरिक सुरक्षा अधिनियम 1968 के तहत आपदा की स्थिति में गैर सरकारी संगठनों,राष्ट्रीय सेवा योजना,एनसीसी और सिविल स्वयं सेवकों की भागीदारी सुनिश्चित कर आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिकों की सुरक्षा एवं सहायता तथा प्रशासन के सहयोग हेतु इच्छुक व्यक्तियों को सिविल डिफेंस वालेंटियर के सदस्य के रूप में पंजीकृत किया जाना है। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस द्वारा इस कार्य हेतु सतना जिला अंतर्गत प्रभारी अधिकारी राहत शाखा को जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन का नोडल अधिकारी तथा कमांण्डेन्ट होमगार्ड को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।

## चोरों ने एक रात में 4 घरों में की लाखों की चोरी

### गहने,मोबाइल,नगदी ले गए,खेत में मिली खाली पेटी और बैग

हरिभूमि न्यूज, सतना



नागौद थाना क्षेत्र के गिंजारा गांव में चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। शनिवार-रविवार की रात को अज्ञात चोरों ने 4 घरों के ताले तोड़कर नकदी और जेवरात चुरा लिए। शिब्बू अहिरवार के घर से चोर सोने-चांदी के जेवरात और 10 हजार रुपए नकद ले गए। निखिल अहिरवार के घर से 25 हजार रुपए का मोबाइल फोन चोरी हुआ। इंद्रकली अहिरवार के घर से सोने-चांदी के गहने और 900 रुपए नकद चुराए गए। लल्ला बागरी के घर की



पेटी को भी चोर उठा ले गए। चोरों ने घरों से चुराई गई पेटी और बैग को खेत में फेंक दिया। इनमें से कीमती सामान निकाल लिया गया था।पीड़ित परिवारों को सुबह चोरी की जानकारी हुई।दोपहर में सूचना मिलने पर नागौद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है।

## नर्सिंग होम संचालकों की बैठक संपन्न



**हरिभूमि न्यूज, सतना।** राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के अनुक्रम में आपदा प्रबंधन को दृष्टिगत रखते हुए नर्सिंग होम संचालकों तथा स्वास्थ्य सेवा से जुड़े संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बैठक कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में रविवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में मेडीकल कॉलेज के डीन डॉ.शशिधर गर्ग,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एलके तिवारी,डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगड़े,सिविल सर्जन डॉ.मनोज शुक्ला सहित चिकित्सक और नर्सिंग होम संचालक उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने सभी नर्सिंग होम के संचालकों से कहा कि अपने-अपने चिकित्सालयों में उपलब्ध सुविधायें उपकरण आदि की जानकारी तैयार कर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को भेजना सुनिश्चित करें। सभी नर्सिंग होमो के संचालक अपने-अपने चिकित्सालय में एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त कर दें। नोडल अधिकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से समन्वय बनाकर नर्सिंग होम में सुविधाओं एवं रिसोर्स की मैपिंग कर शेयर करें। आवश्यकता पडने पर नर्सिंग होम में उपलब्ध सुविधाओं एवं संसाधनों का सहयोग लिया जायेगा।

### देहदान के लिए संकल्पित तीन पीढ़ियों का सम्मान

## घर पहुंच सतना संत मोतीराम आश्रम के सेवादारों ने किया सम्मान



**हरिभूमि न्यूज, सतना।** संत मोतीराम आश्रम सतना द्वारा जिले के पिथौराबाद में देहदान के लिए संकल्पित एक ही परिवार की तीन पीढ़ियों पद्मश्री बाबूलाल दाहिया,बेटे सुरेश दाहिया,बहु नवनीता व पोते अनुपम दाहिया सहित पिथौराबाद के बाल्मीक सिंह,देवलाल सिंह का पिथौराबाद गांव पहुंच सम्मान करते हुए मेमोंटू, बैच भी भेंट किया। इस दौरान आश्रम के अतुल दुबे,जे.पी.निगम ने पद्मश्री बाबूलाल दाहिया द्वारा विकसित किए गए कृषि आश्रित समाज के भूले बिसरे उपकरणों के संग्रहालय सहित दुर्लभ प्रायः परम्परागत अनाजों के बीज बैंक का भी अवलोकन किया। अतुल दुबे ने बताया कि अभी तक संत मोतीराम आश्रम के द्वारा 105 संकल्प पत्र भराए जा चुके है और 10 देहदानियों का मेडिकल कॉलेज रीवा व सतना शासकीय मेडिकल कॉलेज में देहदान कराया जा चुका है। वरिष्ठ पत्रकार मुकुल दुबे का 7 जनवरी 2025 को हुआ। इस देहदान के परोपकार कार्य में देहदानियों को कोई भी पैसा खर्च नहीं करना होता है और न ही एक कदम चलना है। सारा कार्य संत मोतीराम आश्रम करते हैं और शव वाहन के लिए सेवा संकल्प,जिला हॉस्पिटल सतना का सहयोग रहता है और उसमें अध्यक्ष सुरेश बड़ेरिया व सचिव सतीश वर्मा की मुख्य भूमिका रहती है।

### जल गंगा संवर्धन अंतर्गत नदी पुनर्जीवन कार्यशाला सम्पन्न

## मां मंदाकिनी के प्रति श्रद्धा और सेवा से होगा नदी पुनर्जीवन

**हरिभूमि न्यूज, सतना। जल गंगा संवर्धन अभियान सतना के अंतर्गत मां मंदाकिनी नदी पुनर्जीवन जागरूकता अभियान का शुभारंभ एक दिवसीय कार्यशाला के माध्यम से किया गया। इस अभियान का प्रथम चरण 11 मई से 18 मई तक आयोजित होगा। इसी क्रम में नदी पुनर्जीवन पर एक दिवसीय कार्यशाला कृषि विज्ञान केन्द्र मझगवां में आयोजित की गई।**




इस मौके पर कुलगुरु महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्व विद्यालय भरत मिश्रा,सीईओ जिला पंचायत संजना जैन,डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन, तकनीकी विशेषज्ञ प्रवीण पाठक,संभाग समन्वयक,जन अभियान परिषद,रीवा संभाग,डॉ. नवीन शर्मा, डॉ.अखिलेश जांगड़े,वरिष्ठ वैज्ञानिक,कृषि वैज्ञानिक केंद्र,मझगवां तथा जिला समन्वयक डॉ.राजेश तिवारी उपस्थित रहे। कार्यशाला का शुभारंभ मां भारती और भारतरत्न नानाजी देशमुख के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। एक दिवसीय कार्यशाला में वर्षा जल संचयन से मंदाकिनी नदी पुनर्जीवन विषय पर संबोधन करते हुए अभय महाजन द्वारा वैश्विक जल चुनौती और नदियों में उत्पन्न हो रहे जल संकट के प्रति चिंता जाहिर करते हुए कहा कि मंदाकिनी नदी जो अत्यंत प्राचीन और पौराणिक है। जिसकी महिमा चित्रकूट के कण-कण में व्याप्त है,इसलिए नदी पुनर्जीवन विषय समय की आवश्यकता है।

आज की यह कार्यशाला आगामी समय में मंदाकिनी पुनर्जीवन हेतु सामाजिक भागीदारी के साथ-साथ तकनीकी विषय की समझ बढ़ाने में सहयोगी होगी।कार्यक्रम में कुलगुरु भरत मिश्रा ने कहा कि नदियां जीवन दायिनी है और इनके सदानीरा रहने से आस-पास के क्षेत्रों में मानव जीवन के साथ-साथ वनस्पति और जीव जगत फलते-फूलते है। आज की यह कार्यशाला हमें नदियों के साथ क्या व्यवहार होना चाहिए उसकी शिक्षा देती है। वर्तमान समय में सबसे बड़ी चुनौती प्लास्टिक प्रदूषण है। जिसके कारण हमारी नदियां प्रदूषित हो रही है। इसलिए हम सभी का यह प्रयास होना चाहिए कि अपनी आस्था को प्लास्टिक मुक्त रखकर हम नदियों के आस-पास के परिवेश को प्लास्टिक मुक्त रख कर अपना योगदान कर सकते है।

सीईओ जिला पंचायत सीईओ संजना जैन ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा मां मंदाकिनी के पुनर्जीवन के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाकर कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। जिसमें आस-पास के क्षेत्रों में विभिन्न जल संरचनाएं निर्मित करते हुए सघन पौधारोपण के माध्यम से जल संचयन के प्रयास प्रारंभ होंगे। खेत तालाब योजना की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किसानों को स्वयं की भूमि में तालाब निर्मित कराने के लिए आवेदन मंगाए जा रहे है। जिसके आधार पर जिला प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थान का चिन्हांकन कर तालाब निर्माण हेतु मनरेगा के माध्यम से तालाब के उत्खनन का कार्य प्रारंभ हो सकेगा। कार्यशाला में आयोजित तकनीकी सत्रों के अंतर्गत प्रवीण पाठक द्वारा नदी पुनर्जीवन और जन सह भागिता विषय पर अपना विषय रखते हुए नदी पुनर्जीवन के चार आयाम नदी सदानीरा,नदी स्वच्छता ,नदी सुपोषण और नदी श्रद्धा पर अपनी बात रखी। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.नवीन शर्मा द्वारा वर्षा आधारित खेती में उत्पादन वृद्धि के साथ वर्षा जल संचयन की विभिन्न पद्धतियों पर विस्तार से चर्चा की। वैज्ञानिक डॉ अखिलेश जांगड़े द्वारा जल की आवश्यकता स्थिति और संभावना विषय पर चर्चा की गई। सहभागी सत्र के उपरांत उपस्थित किसानों,सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा सामुदायिक नेतृत्वकर्ताओं ने भी अपने अनुभव साझा किए तथा जल गंगा संवर्धन के अंतर्गत योगदान को साझा किया।

## गुरुनानक दरबार में मनाया गया गुरु अमरदास का प्रकाशोत्सव

### विशेष दीवान सजा,कीर्तन के साथ अटूट लंगर किया गया वितरित



**हरिभूमि न्यूज, सतना।** सिख पंथ के तीसरे गुरु अमरदास का प्रकाशोत्सव सिटी कोतवाली के पीछे स्थित गुरुद्वारा नानक दरबार में विशेष दीवान के आयोजन के साथ उल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः काल 8 से 9 बजे तक विशेष दीवान सजाया गया,जिसमें गुरुद्वारा के ग्रन्थियों द्वारा कीर्तन प्रस्तुत करके संगत को निहाल किया गया। तत्पश्चात स्त्री सत्संग जत्थे द्वारा शबद कीर्तन प्रस्तुत किया गया। जिसकी समाप्ति पर उपस्थित जनों द्वारा गुरु की अरदास की गयी।गुरु अमरदास के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में अटूट लंगर का आयोजन भी किया गया।जिसमें सिख समाज के अलावा अन्य समाजों के सैकड़ों लोगों ने उपस्थित होकर लंगर से भोग प्रसाद ग्रहण किया। समाचार लिखे जाने तक प्रकाशोत्सव के कार्यक्रम जारी रहे। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार लजपाल सिंह भाटिया ने सभी नानक नामलेवा लोगों के प्रति आभार जताते हुये गुरु अमरदास के सत्य,करुणा,परोपकार,प्रेम-भाईचारा के सिद्धान्तों का अनुकरण करने की सीख दी। उन्होंने कहा कि हमें गरीब,असहायों,जरूरतमंदों की मदद के लिये हमेशा आगे आना चाहिये और बढ़-चढ़ कर सहायता करनी चाहिये। पीड़ित मानवता की सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है।

## धवारी में निकाली गई विशाल कलश यात्रा



**सतना।** धवारी स्थित मंगल भवन में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस मारुति मंदिर से जगतगुरु ललितांबा पीठाधीश्वर स्वामी जयराम देवाचार्य जी महाराज के परम सान्निध्य में विशाल कलश यात्रा निकाली गई।हनुमान मंदिर से गाजे-बाजे के साथ निकली इस कलश यात्रा में 251 कन्याएं एवं महिलाओं सहित स्थानीय जनों ने भाग लिया। कलश यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया कलश यात्रा का समापन मंगल भवन में हुआ इसी के साथ श्रीमद भागवत कथा आरंभ जगत गुरु जयराम जी महाराज के द्वारा किया गया प्रथम दिवस महराज श्री ने श्रीमद्भागवत के महत्व को बताते हुए कहा कि भक्तों का ही चरित्र ही श्रीमद्भागवत कथा है इस अवसर पर आयोजित कथा के आयोजक प्रमुख नगरपालिक निगम के अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी पालन आए हुए समस्त संत जानो का स्वागत सम्मान किया कथा में प्रमुख रूप से उपस्थित हुए उदय शरण चतुर्वेदी,आलोक त्रिपाठी,विप्र प्रसाद चतुर्वेदी,आर आर तिवारी,लखन लाल शुक्ला,शशिकांत चतुर्वेदी,चन्द्र प्रकाश तिवारी,रवेंद्र बहादुर सिंह,शोभा सिंह,सुमन मिश्रा,विद्या पांडेय,आशा चतुर्वेदी,रामशखी चतुर्वेदी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### पहाड़ीखेड़ा संकुल की बेटियों ने रचा कीर्तिमान

**पन्ना।** पन्ना जिले के पहाड़ीखेड़ा संकुल अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर/उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, देवेंद्रनगर की छात्राओं ने मध्यप्रदेश बोर्ड की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, संकुल और जिले का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय की कक्षा 12वीं की छात्रा चन्द्रकली यादव ने 500 में से 437 अंक (87.4:) प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। आरती तिवारी ने 435 अंक (87:), गुड़िया पटेल ने 432 अंक (86.4:), जबकि खुशी यादव और अंकिता पटेल ने समान रूप से 413 अंक (82.6:) प्राप्त किए। पूर्णिमा अहिरवार ने 405 अंक (81:) अर्जित कर सफलता प्राप्त की।चन्द्रकली यादव ने पूर्व में कक्षा 10वीं में भी 423 अंक (84.6:) प्राप्त कर अपनी निरंतर श्रेष्ठता का प्रमाण दिया है। इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय के पूर्व प्राचार्य अयोध्या प्रसाद तिवारी ने सभी छात्राओं, उनके अभिभावकों एवं गुरुजनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्याभारती से संबद्ध सरस्वती विद्यालयों में शिक्षा के साथ संस्कारों का समन्वय होता है, जो विद्यार्थियों को सर्वांगीण रूप से सशक्त बनाता है। इस अवसर पर पत्रकार विकास परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता ने बालिकाओं की सफलता को संकुल की शिक्षा संस्कृति की जीवंत मिसाल बताते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। सामाजिक संस्था श्साईं रोटी कपड़ा बैंकश ने भी विद्यालय की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्राओं को प्रेरणास्रोत बताया। सरस्वती विद्या परिषद और विद्याभारती की शिक्षण पद्धति की क्षेत्र में सराहना की जा रही है, जिनके मार्गदर्शन में यह विद्यालय निरंतर प्रगति कर रहा है।

# अमानगंज पुलिस ने 8 वर्ष से फरार दो स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार



**अमानगंज।** पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा गिरफ्तारी/स्थाई वारण्टियो की अधिक अधिक से तामीली हेतु चलाये रहे अभियान के तहत अमानगंज पुलिस को माननीय न्यायालय पन्ना के प्रकरण क्र. 39/2017 धारा 363,366,376 ताहि पोक्सो एक्ट में 08 बर्ष से फरार स्थाई वारण्टी अमन उर्फ अमर चढ़ार पिता शिवदयाल चढ़ार उम्र 30 साल निवासी गर्रोली थाना नौगांव जिला छतरपुर को मुखबिर सूचना पर दबिस दी गई जो वारण्टी उक्त को बस स्टेण्ड नौगांव जिला छतरपुर से दिनांक 10.05.2025 को गिरफ्तार किया गया है जिसे माननीय न्यायालय पेश किया गया। इसी तरह प्रकरण क्र. 166/17 धारा 25बी आर्म्स एक्ट में 08 बर्ष से फरार स्थाई वारण्टी जगदीश सिंह उर्फ लल्लू राजा पिता स्व.श्री भगवान सिंह निवासी सिमराकला थाना पवई जिला पन्ना को मुखबिर सूचना पर दबिस दी गई जो वारण्टी उक्त को सम्राट ढावा अमानगंज से दिनांक 10.05.2025 को गिरफ्तार किया गया है जिसे माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी. माधवी अग्निहोत्री , प्रआर. सलीम , लक्ष्मण , शिवम शर्मा, मुकेश सोनी , मुकेश शर्मा आर. मुनेन्द्र ,सतीश , द्वारका प्रसाद, तुलसी , अमित का सराहनीय योगदान रहा।

# आजादी के 77 वर्षों बाद में बीहर हुई दुर्दशा की शिकार, जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत होगा बीहर का कायाकल्प



**पन्ना।** नगर के वार्ड नं.12 के अंतर्गत स्टेटी समय की बीहर जिसमें रिपटा के माध्यम से सीढ़ियों के सहारे कभी हाथी, घोड़ा, ऊंट भी पानी पिया करते थे जैसे ही देश को आजादी मिली, रियासतें भारत में विलीन हुई, नगर पालिका परिषद की देख-रेख के अभाव में विरासतं दुर्दशा की शिकार होने लगीं। उक्त बीहर के आस-पास ऐसा प्रतीत हुआ लोगो ने बेशकीमती जमीन पर अतिक्रमण करके मकान बना लिए तो यहाँ आस-पास के लोगों ने बीहर को जीर्ण-शीर्ण करते हुए उसमें कूड़ा-कचरा डालकर बीहर की शोभा ही बिगाड़ दी। इस दिशा में 10.05.2025 को जल गंगा संबंर्धन अभियान के तहत आजादी के 77 वर्षो बाद जिला प्रशासन, नगर प्रशासन सहित एन.जी.ओ. वालों को बीहर की कायाकल्प करने की सुध आयी। शनिवार को प्रातःकालीन बेला में जिला कलेक्टर, जिला सी.ई.ओ., नपा सी.एम.ओ., नपा अध्यक्ष, एन.जी.ओ. नपा के सफाई कर्मचारियों सहित कुछ पत्रकारों की उपस्थिति में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित हुआ। सुना गया कि लाखों रूपये की योजना से बीहर का कायाकल्प होगा। राशि में लीपा-पोती होगी। एन.जी.ओ.सहित संबंधित अधिकारियों की जेबें गरम होगीं। लोगो ने कहा कि बीहर का जल दूषित-प्रदूषित है, इसे भी स्वच्छ बनाने की दिशा में उस जल को साफ स्वच्छ किया जाये। बीहर के दक्षिण दिशा की खाली भूमि के यहाँ फूलों का गार्डन निर्मित किया जाये। बीहर के उत्तर एवं दक्षिण दिशा से लगी भूमि की जाँच करके अतिक्रमण को हटाया जाये एवं बीहर के पास सी.सी.टी.वी. केमरा भी लगाया जाये जिससे आस-पास के निवासी बीहर को कचरा-घर न बना सकें। इसके साथ ही बीहर की निरन्तर देख-रेख में नगर पालिका को उत्तरदायित्व सौंपा जाये।

# कल्पतरू कंस्ट्रक्शन सड़क खोद कर डाल रहे पाईप लाईन जल निगम विभाग की लापरवाही के चलते सड़को को पहुंचाया जा रहा नुक्सान




## गांव गांव सड़कें खुदी पड़ी है जल निगम विभाग कर रहा अनदेखी

गुनौर- केंद्र की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन जिसके तहत हर घर जल पहुंचाने का कार्य चल रहा है जिस पर राज्य सरकार भी अच्छी गुणवत्ता के साथ समय में पानी पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है परंतु कल्पतरू कंस्ट्रक्शन एवं जल निगम विभाग मिल कर लगा रहे पलीता, मुख्यालय से महज़ कुछ की किलोमीटर की दूरी पर सनौरा में पानी टंकी का निर्माण चल रहा है जिस पर ग्रामीणजन पूरा सहयोग कर रहे है गांव के अंदर पाईप लाईन भी डाल दी गई हैं जिस कारण सड़कें खुदी पड़ी हैं मुख्य मार्ग सनौरा डिघौरा भी इससे अछूता नहीं है पानी की मैन लाईन सड़क खोद कर ही डाल दी गई है। जो प्रधानमंत्री सड़क निर्माण के लिए प्रस्तावित है ऐसी स्थिति में अगर सड़क का निर्माण होता है तो पाईप लाईन का नष्ट होना तय है। जिसको अनदेखा करते हुए जल निगम विभाग ओर ठेकेदार की मिलीभगत से कार्य में लीपापोती कर जल्द खत्म करने का काम चल रहा है जो सरकार के पैसों का दुरुपयोग है। समाचार पत्रों के माध्यम से ग्रामीणों का जिला कलेक्टर व चुने हुए प्रतिनिधियों से आग्रह की जल निगम के कार्यों पर निगरानी रखी जाए एवं मुख्य मार्ग से हट कर पाईप लाईन डलवाई जाए साथ ही गांव के अंदर खुदी पड़ी सड़कों को तत्काल ठीक कराया जाए जिससे ग्रामीणों को आवा गमन में दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

# आज वैशाख पूर्णिमा पर भव्य भंडारे के साथ सिद्धनाथ धाम में अखण्ड सीताराम संकीर्तन होगा सम्पन्न

## सिद्धनाथ आश्रम में विशाल भंडारा आज



**सलेहा।** विंध्य पर्वत श्रृंखला की गोद में स्थित, पावन टिहरी नदी के तट पर बसे महर्षि अगस्त्य आश्रम सिद्धनाथ धाम में एक माह से चल रहे अखण्ड सीताराम नाम संकीर्तन का आज बैशाख पूर्णिमा के पावन अवसर पर भव्य भंडारे के साथ विधिवत सम्पन्न होगा। यह संकीर्तन 12 अप्रैल 2025 से आरंभ होकर 12 मई 2025 तक, 24 घंटे निरंतर चला, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने भक्ति और सेवा भाव से भाग लिया। आयोजन बिल्हा पटना तमोली एवं सलेहा क्षेत्र के श्रद्धालुओं के सहयोग से सम्पन्न होगा। आश्रम परिसर में स्थित भगवान श्रीराम की अद्वितीय वनवासी मुद्रा की मूर्ति श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रही। वहीं आदिदेव महादेव का भव्य मंदिर, जिसकी दीवारों पर देवी-देवताओं की सुंदर मूर्तियाँ और उत्कृष्ट शिल्पकला अंकित है, आश्रम की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत को दर्शाता है।

# सम्पूर्ण जिले में नागरिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर सुरेश कुमार ने धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही का दिया आदेश

### बिना एसडीएम की अनुमति के अब न ही धरना प्रदर्शन, आंदोलन, रैली, पुतला दहन, पदयात्रा, रथ यात्रा आदि नहीं होंगे



**पन्ना।** जिला मजिस्ट्रेट कलेक्टर सुरेश कुमार ने विगत दिवस 10 मई 2025 को आदेश जारी किया। समूचे जिले में धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता को ध्यान में रखकर जिले में कतिपय संगठनों द्वारा प्रशासन की अनुमति के बिना ही धरना प्रदर्शन, आंदोलन, रैली, सभा, पुतला दहन, पदयात्रा, रथ यात्रा आदि कार्यक्रम किये जाते है जिससे कानून व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति निर्मित होने की संभावना रहती है। कानून व्यवस्था बनाये रखने एवं लोकहित में प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जाना आवश्यक हैं। अतः कलेक्टर सुरेश कुमार ने जिला मजिस्टेट पन्ना ने मानव जीवन की सुरक्षा लोक शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सम्पूर्ण जिले में राजस्व सीमा में सर्वधारण के लिए पालन हेतु प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया। गौरतलब बात यह है कि अब समस्त प्रकार के आयोजक जैसे धरना, प्रदर्शन, आंदोलन, रैली, सभा, पुतला दहन, पदयात्रा, रथ यात्रा आदि के आयोजन के लिए संबंधित एसडीएम से अनुमति प्राप्त किया जाना आवश्यक होगा। बिना अनुमति प्राप्त किये आयोजित होने वाले आयोजनों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सकेगी। अनुमति प्राप्त होने के बाद आयोजन कर्ता रैली/धरने आदि में भाषणदेने वाले व्यक्ति किसी भी प्रकार से आम जनता को भड़काने या हिंसा फैलाने बातें भड़काउ शब्दों भाषा का प्रयोग नहीं करेगें। लोगों को शस्त्र देने बांटने या शासन के खिलाफ विद्रोह करने वाली भाषा का प्रयोग नहीं करेगे। इतना हीं नहीं अनुमति पत्र में दी गई सभी शर्तों का पालन करवाना जरूरी होगा। यदि किसी समुदाय संगठन राजनैतिक दल समिति प्रतिनिधि मण्डल के आयोजन के दौरान किसी सार्वजनिक स्थल शासकीय परिसर शासकीय कार्यालय भवन अथवा किसी भी सरकारी/सार्वजनिक/निजी सम्पत्ति को कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार से क्षति पहुंचाई जाती है तो इस प्रकार के कृत के लिए कार्यक्रम के आयोजकों की जिम्मेदारी होगी। तथा उनके विरूद्ध विधि सम्मत कार्यवाही की जा सकेगी। इस तरह से सर्वधारणको संबोधित है और वर्तमान परिस्थितियों में जन साधारण को इसकी सूचना समय भाव के कारण व्यक्तिसा देना संभव नहीं है। अतः भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163(2) के अंतर्गत यह आदेश एक पक्षीय पारित किया गया है आदेश के उलघन की दशा में संबंधित के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 एवं अन्य सुसंगत प्रावधानों के अनुसार अभियोजन की कार्यवाही की जायेगी। इस तरह से कलेक्टर पन्ना ने जहां आगामी दो माह तक के लिए यह आदेश जारी किया है। जो सम्पूर्ण जिले में प्रभावशील होगा।

# प्रिय विशेष शुक्ला की स्मृति में ग्राम पंचायत सिलगी में प्रतिभावान छात्र छात्रा का किया गया सम्मान

### श्री शुक्ला के परिजनों द्वारा 10-10 हजार नगद राशि व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित




**देवेंद्रनगर।** देवेंद्रनगर तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सिलगी में ब्लॉक काँग्रेस अध्यक्ष व पूर्व सरपंच आंनद शुक्ला के भतीजे प्रिय विशेष शुक्ला पिता अतीन्द्र शुक्ला की चतुर्थ स्मृति में ग्राम पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत एक बालिका और एक बालक को हायर सेकेंड्री में सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्रा को प्रिय विशेष शुक्ला के परिजनो द्वारा दस- दस हजार की नगद राशि एवं स्मृति चिन्ह देकर बालिका वर्ग में मोहिनी जायसवाल कक्षा 12 व बालक वर्ग में छात्र प्रियांश पाण्डेय का सम्मान किया गया। कार्यक्रम मे दोनों मेधावी छात्र छात्रा द्वारा शुक्ला परिवार द्वारा सम्मान मिलने पर उनका आभार व्यक्त किया है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षा के लिए मदद कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। विशेष शुक्ला की स्मृति कार्यक्रम में चाचा रविंद्र शुक्ला के द्वारा बताया कि प्रिय विशेष ने अपना जीवन संपूर्ण देश में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड मध्यप्रदेश और भी अन्य प्रदेशों में घूम-घूम कर बच्चों को शिक्षा के साथ इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी के बारे में जागरूक करने का कार्य किया।10 वर्ष पहले सिलगी गांव को भी तीन कंप्यूटर गांव के बच्चों की शिक्षा के लिए दिया था। प्रिय विशेष के जीवन का उद्देश्य सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी से परिपूर्ण करना रहा था। इस उद्देश्य के साथ विशेष पूरे देश में चाहे वह हिमाचल प्रदेश झारखंड के सुदूर दूर ग्रामीण क्षेत्रों में दौरा करते थे। कुछ वर्ष पूर्व ही विशेष ने सिलगी गांव के बच्चों की कंप्यूटर शिक्षा के लिए अपने व्यय से तीन कंप्यूटर गांव को दिए थे। परिवार का प्रिय विशेष की इच्छाओं को सम्मान देने का बहुत ही भावुक हृदय से छोटा सा प्रयास है। प्रिय विशेष के बच्चों की शिक्षा के प्रति प्रेम को देखते हुए ही प्रिय विशेष के परिजनों ने यह निर्णय लिया कि प्रिय विशेष की स्मृति दिवस पर सिलगी पंचायत क्षेत्र में 12वीं परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले एक छात्र एवं एक छात्रा का का प्रतिभा पुरस्कार से 10 हजार रुपए देकर सम्मानित किया जाएगा। जिससे आने वाले क्षेत्र छात्रों को प्रेरणा मिले यह कार्यक्रम विशेष प्रिय विशेष के परिवार जनों का पूर्णता पारिवारिक कार्यक्रम है। विशेष शुक्ला का मुख्य उद्देश सुदूरवर्ती क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देना था विशेष शुक्ला के द्वारा कई राज्यों की सुदूरवर्ती जगहों का दौरा किया एवं बच्चों के माता-पिता को शिक्षा के प्रति जागृत किया जिसमें स्वर्गीय विशेष शुक्ला के द्वारा अपने ग्रह ग्राम सिलगी के बच्चों को कंप्यूटर जैसी सुविधा उपलब्ध कराई। कार्यक्रम में रामलखन शुक्ला सेवानिवृत प्राचार्य,श्रीमती श्रुति शुक्ला,डॉ ए के शुक्ला,रवीन्द्र शुक्ला सेवानिवृत वरिष्ठ मंडल प्रबंधक एलआईसी सहित सिलगी व गिरवारा विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका,ग्रामीणजन व बच्चों के माता पिता उपस्थित रहे। आभार व्यक्त आनंद शुक्ला के द्वारा किया गया।

# पन्ना पुलिस द्वारा अवैध शराब की तस्करी के विरूद्ध लगातार की जा रही प्रभावी कार्यवाही

### सलेहा थाना क्षेत्र अंन्तर्गत अवैध शराब के परिवहन/भण्डारण मे संलिप्त व्यक्ति को किया गया गिरफ्तार



**आरोपी के कब्जे से 63 लीटर अवैध अँग्रेजी एवं देशी शराब कीमती करीब 32 हजार 500 रुपये की गई जप्त।**

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस.थोटा द्वारा जिले के समस्त थाना/चैकी प्रभारियों को अवैध शराब का निर्माण, परिवहन, भण्डारण एवं विक्रय करने वाले व्यक्तियो एवं अवैध शस्त्र रखने वाले व्यक्तियो पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना चैहान एवं समस्त एसडीओपी पन्ना के मार्गदर्शन मे विशेष अभियान चलाकर शख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य मे थाना प्रभारी सलेहा द्वारा कार्यवाही हेतु मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। जिसके फलस्वरुप दिनांक 10-11/05/25 की दरम्यानी रात्रि को थाना प्रभारी सलेहा को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम पटना तमोली सलेहा-पवई बाईपास मार्ग पर एक व्यक्ति दो झालों मे भारी मात्रा मे अवैध शराब कहीं बाहर ले जाने के फिराक मे रखे हुये है। थाना प्रभारी के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियो को मुखबिर सूचना से अवगत काराया गया।

जिस पर पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चैहान एवं एस.डी.ओ.पी. गुनौर एस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सलेहा उनि. भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व मे मुखबिर सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही हेतु पुलिस टीम रवाना की गई। उक्त पुलिस टीम कार्यवाही हेतु मुखबिर के बताये अनुसार पटना तमौली सलेहा-पवई बाइपास मार्ग पर पहुँची जहां खंभे मे लगे बल्ब के उजाले मे एक संदिग्ध व्यक्ति बगल मे दो झाल रखे खड़ा दिखाई दिया जो पुलिस टीम को देखकर भागने लगा जिसको घेराबंदी कर पुलिस टीम द्वारा अभिरक्षा मे लेकर उसका नाम पता पूछा जिसने अपना नाम कृष्ण कुमार पटेल उर्फ गोलू पटेल पिता बेटालाल पटेल उम्र 25 साल निवासी ग्राम निवासी रिछौड़ा थाना गुनौर का होना बताया। पुलिस टीम द्वारा उसके बगल मे ऱखे दोनो झालो को खोलकर तलाशी ली गई जिसमे खाखी रंग के 07 कार्टून(पेटी) छिपाकर रखे था जिनको खोल के देखने पर उसमे अवैध अँग्रेजी एवं देशी शराब रखा होना पाया गया। अवैध शऱाब के सम्बंध मे दस्तावेज की पूछताछ किये जाने पर आरोपियो द्वारा कोई भी दस्तोवेज पेश नही किये जाने पर आरोपी के विरूद्ध थाना सलेहा में अपराध क्रमांक 154/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का कायम किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं आरोपी के कब्जे दो पेटी मे ऱखी अवैध अँग्रेची शराब गोवा व्हिस्की 18 लीटर एवं पांच पेटी मे देशी मदिरा प्लेन शराब 45 लीटर सहित कुल 63 लीटर अवैध शराब कुल कीमत करीब 32 हजार 500 रुपये की जप्त कर आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया।

**नाम पता आरोपी-** कृष्ण कुमार पटेल उर्फ गोलू पटेल पिता श्री बेटालाल पटेल उम्र 25 साल निवासी ग्राम निवासी रिछौड़ा थाना गुनौर पन्ना।

# विद्युत सुधारते वक्त मौत, खम्बे के पास मिली डैड बॉडी विद्युत विभाग के ओआईसी ने कहा हमारा कर्मचारी

### खम्बे पर चढकर बिजली सुधारते समय करंट लगने से फिर हुई प्राइवेट कर्मचारी की दर्दनाक मौत

### जनमानस का कहना

### बिना सुरक्षा सामग्री के अप्रशिक्षित प्राइवेट कर्मचारी कर रहे निरंतर काम

विद्युत विभाग अजयगढ़ अंतर्गत विद्युत सुधारते वक्त प्रमोद कुशवाहा की मौत को लेकर जहां ग्रामीणों का कहना वहीं यह भी बताया जा रहा है कि सतत तीन-चार वर्ष से विभाग में निजी तौर पर कार्य कराया जा रहा था। वहीं घटना घटने के बाद अजयगढ़ ओ वाई सी अमरदीप सिंह का साफ कहना कि विभाग का कर्मचारी नहीं विभाग से कोई लेनादेना नहीं विद्युत पोल के पास मिली है डैथ बॉडी सवाल यह उठता है कि यह तो अब स्वयं पड़ताल का विषय बन गया कि प्रमोद कुशवाहा से विभाग कार्य कराता रहा कि नहीं आज मौत होने के बाद विभाग ने खीचा हांथ। वृद्ध मां साथ ही अब उसके बच्चो के पालन-पोषण को लेकर उठ रहे सवाल। विद्युत विभाग में निजी तौर पर आउट सोर्स की तर्ज पर कर्मचारी रखकर अप्रशिक्षित रूप से जो कार्य कराया जाता है इस तरह की घटना घटने के बाद कौन है जिम्मेदार। मामले में मर्ग कायम किया जा चुका है पुलिस पड़ताल करने के बाद ही अग्रिम कार्यवाही तय करेगी। यह कहना थाना प्रभारी बखत सिंह ठाकुर का है। देखना यह है कि आगे होता है क्या क्या प्रमोद कुशवाहा की मौत होने के बाद विद्युत विभाग का होगा पर्दाफास। फिल हाल ग्रामीणों का दावा तीन-चार वर्ष से विद्युत विभाग में करता रहा कार्य पर आज तो विभाग ने स्वयं ख़ड़े कर लिये हांथ। हमारा कर्मचारी नहीं। मौत के बाद बना मामला जांच का विषयं पुलिस कार्यवाही के बाद ही होगा पर्दाफाश।



**अजयगढ़** अजयगढ़ क्षेत्र में बिजली के खंभे के चढ़कर लाइट सुधारते समय करंट की चपेट में आने से फिर एक प्राइवेट कर्मचारी की दर्दनाक मौत हो गई है। घटना के संबंध में बताया गया है कि प्रमोद कुशवाहा पिता श्रीपाल कुशवाहा प्राइवेट तौर पर बिजली सुधारने का कार्य किया करता था। आज 11 मई 2025 को उक्त व्यक्ति अजयगढ-करतल रोड में संतराम ढाबा के पास लाइट सुधारने के लिए गया हुआ था जहां वह खंभे पर चढ़कर नाम मात्र सुरक्षा उपकरणों के सहारे लाइट सुधारने का काम कर रहा था तभी अचानक करंट की चपेट में आने से वह बुरी तरह झुलस गया। आनन फानन में साथियों परिजनों एवं गांव के लोगों ने युवक को अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने परीक्षण उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजनों



एवं ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। मौके पर पुलिसकर्मी भी पहुंच गए हैं। इसके उपरांत शव क़ो पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और पोस्टमार्टम के उपरान्त शव क़ो अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस की जाँच के बाद ही मौत की बजह का खुलाशा हो पायेगा।

## इनका कहना है-

विद्युत विभाग के ओ वाई सी अमरदीप सिंह परिहार से जांनकारी ली मामले को लेकर तो आपका कहना है कि हमारा कर्मचारीही नहीं। विभाग का कोई लेना देना नहीं।

**अमरदीप सिंह, ओ वाई सी अजयगढ़ विद्युत विभाग**

-साथ ही मामले को लेकर अजयगढ़ थाना प्रभारी बखत सिंह ठाकुर से बात की गई तो आपकाकहना है कि मामले में पीएम कराया गया है परिजनों के द्वारा जो बताया जायेगा साथ ही वहीं मर्ग कायमी के बाद मामले की जांच की जायेगी जांच के बाद उचित कार्यवाही को अंजाम दिया जायेगा।

**बखत सिंह ठाकुर, थाना प्रभारी अजयगढ़।**

## खबर संक्षेप

### मजदूर की बेटी ने 94 फीसदी अंक लाकर बढ़ाया मान



**समाजसेवियों ने घर जाकर किया सम्मान**

**हरिभूमि न्यूज, छतरपुर।** कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाली मजदूर की बेटी गुड़िया सेन का समाजसेवियों ने उनके घर जाकर सम्मान किया। सिंचाई कॉलोनी निवासी मुकेश सेन की बेटी गुड़िया ने मेहनत और लगन से 470 अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। पार्षद प्रतिनिधि दिनेश तिवारी ने बताया, गुड़िया सेन ने कठिन परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी। वह स्कूल पैदल आती-जाती थी और अपनी पढ़ाई में पूरी मेहनत करती थी। आज हमने उनके घर पहुंचकर फूलमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर उनका सम्मान किया। हम उनकी आगे की पढ़ाई में हर संभव मदद करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि इससे पहले भी उनकी टीम ने बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे अंक लाने वाले छात्रों को सम्मानित किया है। सम्मान समारोह में समाजसेवी गोलू नायक, मयंक परिहार, प्रेम चौरसिया और गगन सक्सेना मौजूद रहे। गुड़िया के इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र में गर्व की भावना जगाई है।

### रक्तांजलि अभियान के तहत यातायात प्रभारी ने किया रक्तदान



**हरिभूमि न्यूज, छतरपुर।** छतरपुर पुलिस के रक्तांजलि अभियान के तहत यातायात प्रभारी निरीक्षक बृहस्पति साकेत ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मिशन अस्पताल में भर्ती एक प्रसूता को रक्तदान कर उनकी और नवजात की जान बचाई। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के मार्गदर्शन में चल रहे इस अभियान में पुलिस जवान जरूरतमंदों की मदद के लिए लगातार आगे आ रहे हैं। यातायात प्रभारी ने बताया कि सुबह पुलिस को सूचना मिली कि जिला पन्ना में पदस्थ एक पुलिस आरक्षक की पत्नी, जो मिशन अस्पताल, छतरपुर में भर्ती हैं, को प्रसव के दौरान ओ निगेटिव रक्त समूह की तत्काल आवश्यकता है। सूचना मिलते ही यातायात प्रभारी बृहस्पति साकेत ने तुरंत अस्पताल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और रक्तदान किया। उनके इस प्रयास से प्रसव सफल रहा और जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। परिजनों ने छतरपुर पुलिस और बृहस्पति साकेत का आभार व्यक्त किया।

### पुलिस ने छापा मारकर जप्त की 99 लीटर अवैध शराब



**हरिभूमि न्यूज, छतरपुर।** गुलगंज पुलिस ने रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान ग्राम मझगवां खुर्द के एक खेत में अवैध शराब के भंडारण की सूचना पर छापा मारा। इस कार्रवाई में 11 पेटी, करीब 99 लीटर देशी मसाला, प्लेन और अंग्रेजी व्हिस्की जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 51,000 रुपये है। गुलगंज थाना प्रभारी उप निरीक्षक गुरुदत्त शेषा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि मझगवां खुर्द के एक खेत में अवैध शराब का भंडारण किया जा रहा है। पुलिस टीम तत्काल खेत पर बने टपरे पर पहुंची, लेकिन वहां मौजूद आरोपी राजवीर सिंह ठाकुर, निवासी मझगवां खुर्द, फरार हो गया। टपरे की तलाशी में अवैध शराब बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश के साथ-साथ विवेचना शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में एसडीओपी बड़ा मलहरा रोहित अलावा के मार्गदर्शन में प्रधान आरक्षक सुनील, प्रवेश, कैलाश, सोहराब, आरक्षक शीलेंद्र, सतीश, प्रदीप, मुकेश, राहुल और अवनीश की महत्वपूर्ण भूमिका रही। छतरपुर पुलिस का यह अभियान अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ सख्ती से जारी रहेगा।

# भगवान नरसिंह जयंती पर हुआ भव्य प्रकटोत्सव का आयोजन

## सुबह निकली शोभायात्रा, शाम को हुआ विशाल भंडारा



**हरिभूमि न्यूज, छतरपुर।** शहर के प्राचीन नरसिंह मंदिर में भगवान नरसिंह की जयंती के उपलक्ष्य में प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भगवान नरसिंह का दूध-दही से अभिषेक किया गया, अखंड रामायण पाठ हुआ और पालकी में सवार भगवान की भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

जयंती के एक दिन पहले मंदिर में अखंड रामायण पाठ शुरू हुआ था, जो रविवार को पूजा-अर्चना के साथ संपन्न हुआ। सुबह भगवान नरसिंह का अभिषेक किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद भगवान की पालकी शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। भक्त बृज किशोर मिश्रा ने बताया कि यह मंदिर प्राचीन है और हर वर्ष प्रकट उत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। सुबह शोभायात्रा निकाली गई और शाम को मंदिर में विशेष कार्यक्रम हुए। भाजपा नेता पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी आयोजन भव्य तरीके से किया गया। अखंड रामचरित मानस पाठ, भगवान का अभिषेक, नगर भ्रमण और भंडारे का कार्यक्रम हुआ। मंदिर समिति की ओर से सुरेंद्र महाराज ने बताया कि परंपरा के अनुसार यह आयोजन किया जा रहा है। कल रामायण बैठकी हुई थी, आज दूध-दही से अभिषेक हुआ और शोभायात्रा निकली और शाम को प्रसाद वितरण हुआ। आयोजन में वीरेंद्र महाराज, बृज किशोर मिश्रा, रविकांत महाराज, सुरेंद्र महाराज, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, भैया पाठक, अंबुज चांसोरिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

**पारिवारिक विवाद ने लिया हिंसक रूप**

# जमकर चले लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी, आधा दर्जन घायल



**हरिभूमि न्यूज, छतरपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम गोपालपुरा में एक ही परिवार के दो पक्षों में चल रहे विवाद ने रविवार को हिंसक रूप ले लिया। दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी चलने से एक पक्ष के आधा दर्जन महिला-पुरुष गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उक्त घटना का वीडियो भी सामने आए हैं, जिनमें बेतहाशा मारपीट हो रही है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक गत 8 मई को गोपालपुरा निवासी आशु कुशवाहा की पुत्री मालती कुशवाहा की शादी थी। आशु ने शादी में गांव के जग्गू कुशवाहा को आमंत्रित किया था, जिस पर उसके परिवार के सुनुआ कुशवाहा ने आपत्ति जताई थी और इसीके चलते आशु ने सुनुआ और उसके परिवार को शादी में नहीं बुलाया था। उसी दिन से दोनों परिवारों में मनमुटाव था। रविवार की सुबह इसी मनमुटाव ने हिंसक रूप ले लिया। सुनुआ कुशवाहा (53), उनकी पत्नी रामप्यारी कुशवाहा (50), पुत्र मनोज कुशवाहा, पुत्र रामदास कुशवाहा (45), रामदास की पत्नी रामकुंवर कुशवाहा (42) और मीरा कुशवाहा (28) पति हरी कुशवाहा पर आशु कुशवाहा, जग्गू कुशवाहा, रामचरण कुशवाहा, रामेश्वर कुशवाहा, लक्ष्मन कुशवाहा, नोने कुशवाहा, जम्मन कुशवाहा, रामप्रसाद कुशवाहा, रामकुंवर कुशवाहा, सुनीता कुशवाहा, देवका कुशवाहा, संतोष कुशवाहा और एक अन्य महिला ने लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। घटना की सूचना पर डायल 100 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

# शीलिंग होम इंग्लिश स्कूल में मेधावी छात्र सम्मान समारोह

## सिल्वर जुबली वर्ष में हॉस्टलर्स की शानदार सफलता




**हरिभूमि न्यूज, छतरपुर।** शीलिंग होम इंग्लिश स्कूल में 11 मई 2025 को मेधावी छात्र सम्मान समारोह का गरिमामय आयोजन हुआ। इस अवसर पर एम.पी. बोर्ड की बारहवीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रावास के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के सिल्वर जुबली वर्ष में हॉस्टलर्स ने शानदार सफलता हासिल कर नया इतिहास रचा।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। विद्यालय के प्रबंध निदेशक संजीव आर. नगरिया ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय पिछले 25 वर्षों से बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम दे रहा है। इस वर्ष हॉस्टलर्स के बेहतरीन प्रदर्शन ने इस परंपरा को और मजबूत किया है। उन्होंने सफलता का श्रेय शिक्षकों, छात्रावास प्रबंधन और विद्यार्थियों की मेहनत को दिया। समारोह में हृदयेश अहिरवार 91 प्रतिशत, रोशन अहिरवार 90 प्रतिशत, संजू प्रजापति 90 प्रतिशत, दया शंकर अनुरागी 84 प्रतिशत, राजवीर अहिरवार 81 प्रतिशत, राकेश प्रजापति 80 प्रतिशत, दीपेश 75.2 प्रतिशत, रविनंदन 75 प्रतिशत, अंकित 74 प्रतिशत, अरमान 70.2 प्रतिशत, शिवा 70 प्रतिशत और अभिषेक 70 प्रतिशत को पुष्पमाला, मेडल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, सरमन कोरी, संरचना और क्रांति को विद्यालय में विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में प्राचार्य सौम्या सिंह परमार, वरिष्ठ शिक्षक संतोष गुप्ता, जावेद सर, योगेश कौशिक, शिक्षिका शोभा जैन, आरती कुशवाहा, अमित सर, आजाद सर और मुकेश सर उपस्थित रहे और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षिका संध्या श्रीवास्तव ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन और स्वल्पाहार के साथ समारोह संपन्न हुआ। अभिभावकों की उपस्थिति ने आयोजन को और यादगार बना दिया।

# कार ने दो बाईक में मारी टक्कर, चार घायल



**हरिभूमि न्यूज, छतरपुर।** राजनगर थाना क्षेत्र के डुमरा तिगैला के पास रविवार सुबह करीब 11:30 बजे एक टवेरा कार ने सड़क पर जा रही दो बाईक को टक्कर मार दी, जिससे चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक एक बाइक पर ग्राम वनगांय निवासी 55 वर्षीय नेपाल खंगार पुत्र गोविंद दास, 40 वर्षीय देशराज पटेल पुत्र धर्मदास पटेल और लुगासी निवासी 45 वर्षीय बाबूलाल पुत्र हल्के पटेल, ग्राम लुगासी से ललपुर की जा रहे थे। दूसरी बाइक पर ग्राम पुरमऊ निवासी 45 वर्षीय देवेंद्र तिवारी अकेले सवार थे और उसी क्षेत्र में कहीं जा रहे थे। इसी दौरान एक टवेरा कार ने दोनों बाइकों को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय लोगों का आरोप है कि कार चालक नशे में था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है।

**संघ आंदोलित करता है, विचारों में क्रांति लाता है: धीरेंद्र शास्त्री**

# छतरपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शिक्षा वर्ग का शुभारंभ



**हरिभूमि न्यूज, छतरपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) महाकौशल प्रांत के संघ शिक्षा वर्ग का उद्घाटन आज सिंचाई कॉलोनी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ। उद्घाटन समारोह में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, वर्ग सर्वाधिकारी नागेंद्र बहादुर सिंह और महाकौशल प्रांत के प्रांत प्रचारक बृजकांत उपस्थित रहे। पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा, संघ के लोग आंदोलन नहीं, बल्कि आंदोलित करते हैं। संघ की परंपरा में कठोरता और अनुशासन है, जो विचारों में क्रांति लाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि 15 दिनों के इस वर्ग में सीखे गए कार्यों को अपने पड़ोसियों और मित्रों तक पहुंचाएं, ताकि समाज में सकारात्मक बदलाव आए। उन्होंने क्षेत्रवाद, भाषावाद और जातिवाद को मूल समस्या बताते हुए इन पर काम करने की जरूरत पर जोर दिया। शास्त्री ने सफलता का मंत्र देते हुए कहा, बातों से नहीं, रातों से सफलता मिलती है। ब्रह्म मुहूर्त से पहले जागकर कड़ी मेहनत ही हमें सफल बनाएगी। वहीं प्रांत प्रचारक बृजकांत ने कहा कि संघ शिक्षा वर्ग सामूहिक साधना का प्रतीक है। उन्होंने संघ की शताब्दी वर्ष की यात्रा को चार चरणों में रेखांकित किया: संगठन निर्माण, समाज जीवन में विस्तार, सामाजिक आंदोलन और गतिविधियों का संचालन। उन्होंने कहा, "संघ का विचार नित्य नूतन और चिर पुरातन है। सामूहिकता ही संघ की पहचान है। साधना से शक्ति मिलती है, जो समाज की विषमताओं को दूर करती है। परिवर्तन क्रांति से नहीं, संक्रांति से होता है, जो विचारों को बदलता है।

### 15 दिवसीय वर्ग में 182 विद्यार्थी और 35 शिक्षक शामिल

इस 15 दिवसीय वर्ग (10 मई से 26 मई 2025) में महाकौशल प्रांत से 182 विद्यार्थी और 35 शिक्षक भाग ले रहे हैं। वर्ग का उद्देश्य व्यवहारिक जीवन में संघ के विचारों को उतारना और आंतरिक गुणों का संवर्धन करना है। समारोह में उपस्थित विद्यार्थियों और स्वयंसेवकों ने देश और समाज को सुदृढ़ बनाने का संकल्प लिया।

# बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने पाकिस्तान पर साधा निशाना

## कहा-पाकिस्तान बिगड़ैल औलाद, कर्नल सोफिया कुरैशी को बताया गर्व का प्रतीक



**हरिभूमि न्यूज, छतरपुर।** रविवार को श्री लक्ष्मी-नारायण महायज्ञ में शामिल होने छतरपुर के मोटे महावीर मंदिर पहुंचे बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने मीडिया से बातचीत में पाकिस्तान पर तीखा हमला बोला और भारतीय सेना की जमकर तारीफ की। उन्होंने जिले के नौगांव में जन्मीं- कर्नल सोफिया कुरैशी को बेटियों के लिए मिसाल बताया। महायज्ञ में शामिल होने आए श्रद्धालुओं ने महाराज श्री के बयानों का समर्थन करते हुए उनकी राष्ट्रभक्ति की सराहना की। आयोजन में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि पाकिस्तान बिगड़ैल औलाद है, यह सुधर नहीं सकता। कुत्ता की पूंछ पुंगरिया में डालो, टेढ़ी की टेढ़ी निकलती है, वही हाल पाकिस्तान का है। हमें भरोसा है कि यह कितने भी समझौते कर ले लेकिन हर बार सीजफायर का उल्लंघन करेगा। जब तक उनके घर में घुसकर जवाब नहीं देंगे, तब तक इन्हें समझ नहीं आएगा। भारत की सेना और प्रधानमंत्री के पास इससे बेहतर उपाय नहीं है। समझदार को इशारा काफी है। वहीं नौगांव में जन्मीं कर्नल सोफिया कुरैशी की तारीफ करते हुए महाराज श्री ने कहा कि हमें गर्व है कि बुंदेलखंड की धरती, छतरपुर के नौगांव से भारतीय सेना में अपनी कार्यशैली से बेटियों के लिए मिसाल कायम करने वाली सोफिया कुरैशी ने दिखाया कि हमारी बेटियां बेटों से कम नहीं। वे महारानी लक्ष्मीबाई का जीता-जागता उदाहरण हैं। पाकिस्तान में बिना लड़ाई के जीत का जश्न मनाए जाने पर तंज कसते हुए शास्त्री ने कहा, पाकिस्तान में पटाखे फोड़कर जश्न मना रहे हैं कि हम जीत गए। बिना लड़ाई के जीत का जश्न सिर्फ पाकिस्तान में ही हो सकता है। हमारी सेना दो दिन पहले मिनी दीवाली मना रही थी, तब वे जश्न नहीं मना रहे थे। उनका हाल वही है, जैसे बुंदेलखंड की कहावत-खिसयानी बिल्ली खंभा नोचे।

# छतरपुर पुलिस लाइन में शुरु हुआ ग्रीष्मकालीन शिविर

## पुलिस परिवार के बच्चों को दिया जा रहा विविध गतिविधियों का प्रशिक्षण



**हरिभूमि न्यूज, छतरपुर।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर छतरपुर जिले के पुलिस लाइन परिसर में पुलिस परिवार के बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन समर कैंप का शुभारंभ हुआ। इस शिविर में खेलकूद, शिक्षा, संगीत, सांस्कृतिक नृत्य, और अन्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की प्रतिभाओं को निखारा जा रहा है। समर कैंप में 200 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया है। प्रशिक्षकों और विशेषज्ञों द्वारा मलखंब, वॉलीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, तैराकी, शूटिंग, लॉन टेनिस जैसे खेलों के साथ-साथ रंगोली, पेंटिंग, मेहंदी, सिलाई, कढ़ाई, वाद्य यंत्र और सांस्कृतिक नृत्य का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट, जूडो और कराटे की ट्रेनिंग भी शामिल है। शिविर में ब्रेन एक्सरसाइज, ब्रीदिंग, आई एक्सरसाइज, प्रेरणादायक वीडियो, म्यूजिक, डांस, रिलैक्सेशन एक्टिविटी और विशेष रूप से ब्लाइंड फोल्ड एक्टिविटी का आयोजन किया जा रहा है। इस एक्टिविटी में बच्चे आंखों पर पट्टी बांधकर बॉल के रंग और कार्ड के नंबर व रंग की पहचान कर अपनी एकाग्रता और मानसिक क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। शिविर का उद्देश्य 5 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों के मानसिक और बौद्धिक विकास को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री विदिता, नगर पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा, रक्षित निरीक्षक पूर्णिमा मिश्रा, थाना कोतवाली प्रभारी अरविंद दांगी, थाना सिविल लाइन प्रभारी वाल्मीकि चौबे, महिला थाना प्रभारी सुनीता बिंदुआ, थाना ओरछा रोड प्रभारी दीपक यादव, अन्य पुलिस अधिकारी और पुलिस परिवारजन उपस्थित रहे।

### उत्साहित प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा

शुभारंभ समारोह में पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रतिभागी बच्चों ने उत्साहपूर्वक संगीत, सांस्कृतिक नृत्य और विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पुलिस अधीक्षक ने बच्चों से संवाद करते हुए कहा, शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहें, अपनी प्रतिभाओं पर ध्यान दें और भविष्य को उज्जवल बनाएं। शिविर में प्रशिक्षण पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा ही दिया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों ने इनडोर और आउटडोर खेल मैदानों में बच्चों से मुलाकात कर उनके अभ्यास और प्रदर्शन को देखा। बच्चों के आवागमन के लिए आवासीय परिसर से पुलिस लाइन तक वाहन की व्यवस्था भी की गई है।

# मातृ दिवस पर छतरपुर में वृद्ध माताओं का घर-घर जाकर किया सम्मान



**हरिभूमि न्यूज, छतरपुर।** रविवार को मातृ दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था एक मुस्कान जिंदगी की और चरण पादुका समिति के तत्वावधान में छतरपुर में समाजसेवियों ने वृद्ध माताओं के घर-घर जाकर उनके त्याग, सेवा और वात्सल्य के लिए भावपूर्ण सम्मान किया। इस आयोजन में सम्मानित माताओं ने खुशी जाहिर करते हुए सभी को आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं।

एक मुस्कान जिंदगी की के संयोजक और चरण पादुका समिति के शंकरलाल सोनी ने बताया कि 2015 से यह पहल शहर के उन वयोवृद्ध लोगों को सम्मानित करने के लिए शुरू की गई, जिनकी वर्तमान पीढ़ी समाज हित में योगदान दे रही है। इस बार मातृ दिवस पर प्रो. बहादुर सिंह परमार की 98 वर्षीय मां रूप कुंवर परमार, पंकज जैन महर्षि की 84 वर्षीय मां विमला देवी जैन, अरविंद जैन दीपू की 92 वर्षीय मां शकुंतला जैन, केशर देवी चतुर्वेदी 94 वर्ष, ऊषा खरे 89 वर्ष, शांति देवी दुबे 102 वर्ष, सत्या कौर 95 वर्ष, कमला शर्मा 97 वर्ष और बेनीबाई चौरसिया 88 वर्ष को उनके घर पहुंचकर पुष्पमाला, शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर भारतीय गौरव सम्मान से नवाजा गया। इस अवसर पर अधिवक्ता राकेश शुक्ला ने कहा कि मां सृष्टि की प्रथम पूज्यनीय है। आज हम विभिन्न माताओं को सम्मानित कर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने माताओं के योगदान को समाज की नींव बताया। कार्यक्रम में संयोजक शंकरलाल सोनी, पत्रकार सुरेंद्र अग्रवाल, अधिवक्ता राकेश शुक्ला, पंकज पहारिया, रमेश गुप्ता, आनंद सुरेंद्र शर्मा, वार संघ अध्यक्ष विनोद दीक्षित, प्रकाश जैन, पंकज जैन महर्षि, कवि अवनिंद खरे, एस.एस. खरे, अधिवक्ता आनंद शर्मा, राकेश शर्मा, दिल्लाराम, आर.पी. कुरील, पुष्पेंद्र खरे, अरविंद खरे, संतोष खरे और अखिलेश खरे सहित कई समाजसेवी उपस्थित रहे। यह आयोजन मातृ शक्ति के प्रति समाज में सम्मान और कृतज्ञता की भावना को और मजबूत करने में सफल रहा।

## खबर संक्षेप

### सिविल डिफेंस प्लान एवं शासन से जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करायें - मुख्य सचिव

**हरिभूमि, रीवा।** देश की वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखकर मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी जिलों में सिविल डिफेंस प्लान एवं शासन के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। सिविल डिफेंस कार्यक्रम व्यवस्थित करें तथा सजगता और सतर्कता बरतें। मुख्य सचिव ने आपदा प्रबंधन की सभी तैयारियाँ दुरूस्त रखते हुए वर्नलेवल क्षेत्रों का चिन्हांकन कर कार्ययोजनानुसार व्यवस्थायें करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में सायरन की व्यवस्था हो ताकि आपात स्थिति में सायरन सभी को सुनाई दे। आपदा प्रबंधन की तैयारियों की संभागीय समीक्षा प्रतिदिवस की जायेगी। मुख्य सचिव ने सिविल डिफेंस अधिनियम के तहत नागरिक सुरक्षा हेतु स्वयंसेवकों के नामांकन भर्ती के निर्देश देते हुए कहा कि उनका प्रारंभिक प्रशिक्षण करायें ताकि आपदा प्रबंधन के समय इनकी उपयोगिता व भागीदारी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत से 2 स्वयंसेवकों व प्रत्येक नगरीय निकाय वार्डो से 2 से 5 सिविल डिफेंस वालेंटियर्स बनाये जांय। इनमें भूतपूर्व सैनिकों, सीनियर एनसीसी के सदस्य, एनएसएस के सदस्य व निजी सुरक्षा एजेंसियों के लोगों को प्राथमिकता दी जाय। वीडियो कान्फ्रेंसिं में कमिश्नर कार्यालय के एनआईसी केन्द्र से कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, संभागीय सेनानी होमगार्डस जेएस पन्द्रे तथा कलेक्ट्रेट के एन.आई.सी. से कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेकलाल, संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय, जिला होमगार्ड कमांडेंट सहित पुलिस के अधिकारी उपस्थित रहे।

### मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने 5 सचिवों को किया निलंबित

**हरिभूमि, रीवा।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने हनुमना जनपद पंचायत के पांच लापरवाह ग्राम पंचायत सचिवों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए हैं। निलंबन अवधि में इन सभी का मुख्यालय जनपद पंचायत कार्यालय हनुमना रहेगा। इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत खेत तालाब निर्माण, हैण्डपंप तथा कुंओं में रिचार्ज पिट बनाने, मनरेगा में मजदूरों को रोजगार का अवसर देने एवं ई केवाईसी में लापरवाही बरतने एवं 10 मई को हनुमना में आयोजित बैठक में अनुपस्थित रहने पर निलंबन की कार्यवाही की गई है। जारी अलग-अलग आदेशों के अनुसार ग्राम पंचायत सचिव धर्मपुरा निर्मल रावत, ग्राम पंचायत सचिव कौवाढ़ान कुर्मियान वरूणा प्रसाद तिवारी, ग्राम पंचायत सचिव मजिन मानिकराम नारायण प्रसाद मिश्रा, ग्राम पंचायत सचिव पहाड़ी जयप्रकाश तिवारी तथा ग्राम पंचायत सचिव धौसड़ रामदरस द्विवेदी के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की गई है।

### कुत्तों के हमले से घायल चीतल की हुई मौत

**उमरियापान।** कुत्तों के झुंड ने एक चीतल को खदेड़ा जिससे कि चीतल एक गहरे गड्ढे में जा गिरा। चीतल के पैर में चोट पहुँची और उसकी मौत हो गई। घटना ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र के करौंदी बीट की हैं। जानकारी के मुताबिक करौंदी के जंगल से वन्य प्राणी पानी की तलाश में सड़क पार करते हैं।पानी पीने जंगल से नीचे एक चीतल आ रहा था, इसी दौरान कुत्तों के झुंड ने खदेड़ना शुरू कर दिया। चीतल जान बचाकर आश्रम की तरफ भागा तो गहरे गढ्ढे में जा गिरा। घटना में चीतल की मौत हो गई।मृत मादा चीतल की उम्र करीब दो वर्ष की थीं।सूचना पर वन विभाग की टीम पहुँची। वनरक्षक रामफल पटेल, वन्य प्राणी प्रेमी नमन चौरसिया,यश पवार सहित ग्रामीणों ने गड्ढे में गिरे वन्य प्राणी को बाहर निकाला।

# बहन की शादी से पहले बुझ गया घर का चिराग, कार्ड बांटने निकले भाई की सड़क हादसे में मौत, सलैया मोड़ के पास हुआ हादसा



**हरिभूमि, रीवा।** शादी जैसे खुशी भरे माहौल में उस समय मातम पसर गया जब बहन की शादी का कार्ड बांटने निकले युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा शुक्रवार देर रात तब हुआ जब युवक बाइक से घर लौट रहा था और रास्ते में सलैया मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। गंभीर चोट लगने के कारण युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान निलेश साकेत उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम पोड़ी के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि निलेश अपनी छोटी बहन की शादी की तैयारियों में पिछले कई दिनों से जुटा हुआ था। शादी की तारीख 14 मई तय थी और वह रिश्तेदारों और परिचितों को निमंत्रण देने के लिए लगातार गांव-गांव घूम रहा था। शुक्रवार को वह बक्छेरा नयागांव गया था, जहां से देर रात वह बाइक से लौट रहा था।करीब 3 बजे के आसपास जब निलेश सलैया मोड़ के पास पहुंचा, तभी तेज गति से आ रही एक अज्ञात बोलेरो वाहन ने उसकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह कई मीटर दूर जा गिरा। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल अवस्था में निलेश को संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के चाचा इंद्रपाल साकेत ने बताया कि निलेश बेहद जिम्मेदार और मिलनसार था। वह पूरे परिवार की उम्मीद था। घर में बहन की शादी को लेकर हर्ष का माहौल था, लेकिन एक ही पल में सब कुछ बदल गया। निलेश की मौत की खबर सुनते ही शादी की खुशियां मातम में बदल गईं।बॉक्स सोहागी घाटी में ट्रकों की टक्कर,चालक सहित 2 घायलरीवा-प्रयागराज मार्ग पर स्थित सोहागी घाटी में बीती रात दो ट्रकों की टक्कर हो गई। इस हादसे के बाद हाइवे जाम हो गया। लगभग 4 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जानकारी के अनुसार प्रयागराज की ओर जा रहे ट्रक से पीछे से जा रहा ट्रक टकरा गया। बिहार के नंबर वाले इस ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ है। इस हादसे में चालक सहित 2 लोग घायल हुए हैं। रात 3 बजे हुए इस हादसे की जानकारी मिलते ही सोहागी टीआई पवन शुक्ला मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल भेजा। वहीं जाम लगे होने पर डिवाइडर तोड़ कर वाहनों के निकलने की व्यवस्था बनाई।

# बेरहमी से युवक के साथ मारपीट, वीडियो बनाकर किया वायरल शहर के अस्पताल चौराहा के पास की घटना, मामला दर्ज



हरिभूमि, रीवा। शहर के सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत अस्पताल चौराहे के समीप एक युवक का नाम पूछ कर उसके साथ गाली गलौज करते हुए बेरहमी से पिटाई की गई । वही पूरी घटना का वीडियो बनकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। पीड़ित युवक सनी धोबिया टंकी के पास का रहवासी बताया गया है। बताया गया कि युवक हमेशा की तरह दुकान बंद होने के बाद कचरा बिनने के लिए निकला था तभी कुछ युवकों उसके पास पहुंचे और उसका नाम पूछा जिसके बाद अश्लील गालियां देते हुए उसकी पिटाई करने लगे। मारपीट का वीडियो आरोपियों के बीच में ही किसी ने बनाया जो अब सोशल मीडिया में वायरल हो चुका है।

घटना बीती रात तकरीबन 11 बजे की बताई जा रही है। बताया गया है कि युवक दुकान बंद होने के बाद दुकान के बाहर पड़े कचरे को एकत्रित कर रहा था इस दौरान वहां कुछ युवक पहुंच गए और उसका नाम पूछने के बाद मारपीट करने लगे आरोपियों ने मारपीट करते हुए उसका वीडियो भी बनाया। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि 4 से 5 की संख्या में युवक के पीड़ित के साथ मारपीट कर रहे है। वही पूरे मामले पर सिटी कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# अवैध नशीली कफ सिरप की बिक्री में शामिल मां बेटा गिरफ्तार, अमहिया पुलिस ने की कार्यवाही



**हरिभूमि, रीवा।** शहर के अमहिया थाना पुलिस ने बीते कुछ दिवस पहले एक व्यक्ति को नशीली कफ सिरप की बिक्री करते गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा था, जिसके बाद कारोबार में शामिल मां और बेटे मौके से फरार थे जिनकी तलाश पुलिस कर रही थी, शुक्रवार को अवैध कारोबार में सहयोग करने वाली पत्नी सहित बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जिन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई के संबंध में अमहिया पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले माह अर्जुन नगर के समीप गौरव सोनी नामक युवक को पकड़ा गया था जिसके कब्जे से नशीली कफ सिरप जप्त की गई थी इस दौरान गौरव ने पूछताछ में बताया था कि उसके इस अवैध कारोबार में उसकी पत्नी अंजू और बेटा अखिल भी सहयोग करता है जिसके बाद पुलिस ने गौरव सहित उसकी पत्नी अंजू और बेटे को भी आरोपी बनाया था। बताया गया है कि एनडीपीएस एक्ट के इस मामले में पति के जेल जाने के बाद पत्नी और बेटा फरार थे पुलिस ने आज दोनों को धर दबोचा है और मां बेटे को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है।

# डंपर और चार पहिया के बीच हुई टक्कर: 8 घायल बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के तिलखन के पास हुआ हादसा



**हरिभूमि, रीवा।** जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बीती रात तिलखन गांव के पास बोलेरों और डंपर के बीच सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में बोलेरो सवार 8 लोग घायल हुए है। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार बोलेरो सवार बारात जा रहे थे तभी तेज रफ्तार डंपर बोलेरो से टकरा गया, घटना के तकरीबन 2 घंटे बाद पुलिस पहुंची जिसको लेकर लोगों में नाराजगी थी। घायलों का उपचार संजय गांधी अस्पताल में चल रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक बोलेरो सवार कुशवाहा परिवार के लोग ग्राम सगरा से ग्राम मटिमा बारात में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान सड़क निर्माण में लगे डंपर से बोलेरो की सीधी टक्कर हो गई। आचानक हुए इस सड़क हादसे में महिला पुरुष और बच्चे मिलाकर तकरीबन आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। घायलों के मुताबिक हादसे के तकरीबन 2 घंटे तक चालक बोलेरो की स्टेरिंग में फंसा रहा है लेकिन सूचना के बाद भी बैकुंठपुर पुलिस को 5 किलोमीटर की दूरी तय करने में 2 घंटे से ज्यादा का समय लग गया। जिसके चलते चालक चीखता और चिल्लाता रहा। बताया गया कि जब पुलिस पहुंची तो जेसीबी की मदद से चालक को बाहर निकाला गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

# अत्याधुनिक व आत्मनिर्भर गौ-अभ्यारण्य है बसामन मामा गौवंश वन्य विहार डिप्टी सीएम ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार एवं हिनौती गौधाम के संचालन व अधोसंरचना निर्माण कार्यों की समीक्षा की





**हरिभूमि, रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि बसामन मामा गौवंश वन्य विहार अत्याधुनिक गौ-अभ्यारण्य है। शीघ्र ही यहां 5 टन क्षमता का गैस उत्पादन संयंत्र आईओसीएल द्वारा स्थापित किया जायेगा तथा पशु आहार निर्माण इकाई को भी शुरू किया जायेगा। बसामन मामा गौवंश वन्य विहार के विश्राम गृह में रात्रि विश्राम के उपरांत प्रशासनिक भवन में उप मुख्यमंत्री ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार एवं हिनौती गौधाम में अधोसंरचना निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि मृत पशु निष्पादन संयंत्र की स्थापना शीघ्र करायें तथा गौवंश वन्य विहार में बाउंड्रीबाल का निर्माण प्रारंभ करें। उन्होंने कहा कि दुधारू गौवंश की 25-25 यूनिट के चार समूह बनाकर दुग्ध उत्पादन प्रारंभ करें तथा चिन्हित चरनाई भूमि की फेंसिंग कराकर चारा उत्पादन करें। उन्होंने सामुदायिक भोजशाला के निर्माण में गोबर की ईंट का उपयोग करने के भी निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन मंदिर में भगवान कृष्ण की मूर्ति स्थापित करने तथा मंच के सामने समतलीकरण कार्य को शीघ्र करने के निर्देश निर्माण विभाग को दिये। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गौवंश वन्य विहार में धन की कमी नहीं है इसमें सभी आवश्यक उपकरण व व्यवस्थायें सुनिश्चित करायें। उन्होंने प्रोड्क्शन मैनेजर व मार्केटिंग मैनेजर की नियुक्ति किये जाने की भी बात कही।उप मुख्यमंत्री ने हिनौती गौधाम में पशु शेड व प्रशासनिक भवन का निर्माण 15 जून तक कर लेने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कार्ययोजना के अनुसार हिनौती गौधाम में पशु शेड, सड़कों का निर्माण करायें ताकि सड़कों के किनारे वर्षाकाल में वृक्षारोपण कराया जा सके। उप मुख्यमंत्री ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में 34 लाख रूपये की लागत से बनाये जाने वाले चेकडैम का भूमिपूजन किया। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में पशु चिकित्सक की उपस्थिति व सभी आवश्यक उपचार उपकरण की सुनिश्चितता के निर्देश दिये। उन्होंने प्रशासनिक भवन के समीप एक सुलभ काम्पलेक्स तथा एक अन्य सार्वजनिक सुलभ काम्पलेक्स निर्माण कराने के निर्देश निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिये। बैठक में जिला गौसंवर्धन बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश पाण्डेय ने बहुमूल्य सुझाव दिये जिन पर उप मुख्यमंत्री ने तत्काल कार्यवाही करने के लिए संबंधितों को निर्देशित किया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, जनपद अध्यक्ष गंगेव विकास तिवारी, अभयराम जी महराज, एसडीएम राजेश सिन्हा, डॉ. राजेश मिश्रा, त्रियुगीनारायण शुक्ला सहित विभागीय अधिकारी एवं स्थानीजन उपस्थित रहे।



# ब्राइटर माइंड्स प्रोग्राम के तहत एसपी ने बच्चों की बुद्धि क्षमता विकास के लिए शुरू किया अभियान

**हरिभूमि, रीवा।** शहर के पुलिस लाइन स्थित दिशा लर्निंग सेंटर में बच्चों की बुद्धि क्षमता विकास के लिए ब्राइटर माइंड्स प्रोग्राम गेम की शिक्षा शुरू की गई। पुलिस मुख्यालय से मिले निर्देश के बाद रीवा में इसकी शुरुआत की गई है। कुछ तकनीकी विशेषज्ञ और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में बच्चों को ब्राइटर माइंड प्रोग्राम के अंतर्गत जानकारी दी गई जिसके बाद बच्चों ने आंखों पर पट्टी बांधकर न सिर्फ रंगों की पहचान की बल्कि कार्ड पर लिखो नंबर को भी बिना देखे बता दिया है। इस प्रोग्राम के संचालन में विशेष भागीदारी निभा रहे निरीक्षक हितेंद्र नाथ शर्मा ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चालू किए गए हैं जिसकी शुरुआत रीवा में पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के निर्देशन पर शुरू की गई है। कार्यक्रम की शुरुआत 25 बच्चों से की गई है और जल्द ही इसमें अन्य बच्चों को भी शामिल किया जाएगा।

## दहेज की लालच में टूटी बेटी की खुशियाँ

# शादी से एक दिन पहले लड़के वालों ने मांगे और पैसे, गरीब पिता की गुहार

**हरिभूमि, मऊगंज।** जिले के लौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सीतापुर गांव का एक मामला सामने आया है, जहां पर दहेज की लालच में एक निर्धन पिता की बेटी की शादी महज एक दिन पहले ही तोड़ दी गई।सीतापुर निवासी राम नेवाज गुप्ता ने अपनी बेटी की शादी सीधी जिले के कुचवाही गांव निवासी अरविंद गुप्ता से तय की थी। दोनों पक्षों के बीच 5 लाख रुपये नगद दहेज में विवाह की सहमति बनी। राम नेवाज ने अपनी सामर्थ्य से अधिक वरपक्ष के लोगो की खातिरदारी की और लेन-देन की तैयारियाँ शुरू कर दी थीं। उन्होंने पहले ही 1 लाख रुपये नगद और 1.10 लाख रुपये फोन पे से दे दिए थे। फिर 4 मार्च को 'वरीक्षा' की रस्म पर 1 लाख रुपये नकद और 50 हजार रुपये का सामान देकर अपने हिस्से की जिम्मेदारी निभा दी। शादी 11 मई को वैष्णवी मैरिज गार्डन, सीधी-सिंगरौली रोड, जोगीपुर में धूमधाम से होनी थी। मगर इस पवित्र अवसर से महज़ एक दिन पहले लड़के वालों ने और 1 लाख रुपये की माँग कर दी। जब गरीब पिता ने असमर्थता जताई और कहा कि 5 लाख से अधिक देना संभव नहीं है, तो बारात लाने से ही इंकार कर दिया गया।



### धमकी और गाली-गलौज के बीच टूटी उम्मीदें

10 मई की शाम, जब घर में शादी की हलचल होनी चाहिए थी, उस वक्त राम नेवाज गुप्ता ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह के कक्ष में अपनी बेटी के टूटते भविष्य की फरियाद लेकर पहुँचे। उन्होंने बताया कि लड़के पक्ष के लोग फोन पर धमकी दे रहे हैं, गाली-गलौज कर रहे हैं और अब शादी से इनकार कर दिया हैं।उन्होंने न केवल दी गई रकम और सामान वापस दिलाने की मांग की, बल्कि आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

### पुलिस का दावा, होगी कार्रवाई

इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह ने कहा कि यह मामला महिला से जुड़ा है, अतः पूरी संवेदनशीलता से इसकी जांच होगी। संबंधित थाना प्रभारी को वरीक्षा और लेन-देन से जुड़े दस्तावेज जुटाने के निर्देश दे दिए गए हैं। दोषियों पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने 11 लापरवाहों को दिया नोटिस

**हरिभूमि, रीवा।** *जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने जल गंगा संवर्धन अभियान और विभागीय कार्यों में लापरवाही बरतने पर 11 अधिकारियों और कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस दिया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने 10 मई को जनपद सभागार हनुमना में आयोजित बैठक में अनुपस्थित रहने तथा जल गंगा संवर्धन अभियान में रूचि न दिखाने पर नोटिस दिया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने उप यंत्री रामचन्द्र कुशवाहा, उप यंत्री हर्षित पाण्डेय, उप यंत्री अंशुल पटेल, उप यंत्री आरके पटेल, उप यंत्री डीके मिश्रा तथा उप यंत्री रूपेश सिन्हा को नोटिस दिया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने ग्राम रोजगार सहायक हटवा निर्भयनाथ, श्रीमती प्रियंका मिश्रा, ग्राम पंचायत हटा सभानारायण यादव, ग्राम पंचायत गौरी शारदा प्रसाद शुक्ला, ग्राम पंचायत बधैया आशुतोष मिश्रा तथा ग्राम रोजगार सहायक पंचायत भगदेवा श्रीमती शीला मिश्रा को कारण बताओ नोटिस दिया है। नोटिस का संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर एक पक्षीय अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।*

# भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक संपन्न



**हरिभूमि, मऊगंज।** भारतीय किसान संघ मऊगंज महाकौशल प्रांत की मासिक अधिवेशन बैठक दिनांक 10 मई 2025 दिन शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय में संपन्न हुआ जिसमे भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष हरिशंकर पांडे संभागीय अध्यक्ष सी एल द्विवेदी जिला सह मंत्री राममिलन प्रजापति प्रांताअध्यक्ष गजराज सिंह रामकृष्ण मिश्रा तहसील अध्यक्ष हनुमना अरुणेंद्र सिंह नर्मदा सिंह त्रिवेणी प्रसाद मिश्रा अरुण कुमार शुक्ला दशरथ सिंह सुरेंद्र प्रसाद त्रिपाठी शिवराज सिंह मंत्री हनुमना रण बहादुर सिंह जिला उपाध्यक्ष यज्ञ नारायण सिंह जिला सह मंत्री विभूति भूषण सिंह तहसील अध्यक्ष मऊगंज एडवोकेट राजेश गुप्ता आदि सभी भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी सदस्य उपस्थित रहे जिसमें भारतीय किसान संघ की गतिविधियों एवं आगामी होने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा हुई जिसमें प्रमुख रूप से तहसील स्तरीय अभ्यास वर्ग के लिए तहसील वार दिनांक समय वह स्थान का निर्धारण किया गया जहां मऊगंज तहसील में मऊगंज एवं रतनगवां हनुमना तहसील में हनुमना खटखरी पहाड़ी वही नईगढी तहसील में नईगढ़ी बंधवा करही देवतालाब में देवतालाब पलिया दुवान आदि स्थानों में तहसील स्तरीय अभ्यास वर्ग लगाया जाएगा जहां पर भारतीय किसान संघ के सक्रिय सदस्यों सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जाएगा आज की बैठक में अन्य कई विषयों पर